एक नजर में

## वैभव सोनी के उपन्यास कमवक्त का लोकार्पण



इंदौर. पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययन शाला देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में शनिवार शाम कमवक्त पुस्तक का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया. लेखिका सीमा व्यास मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि हरेराम वाजपेयी डॉ सोनाली नरगुंदे प्रदीप नवीन ने उपन्यास कमवक्त का लोकार्पण किया. लेखक वैभव सोनी ने अपने पहले उपन्यास पर सभी बड़े साहित्यकारों का आभार व्यक्त किया. समारोह का संचालन आनंदी सिंह ने किया.

## पद्मावती वेंकटेश देवस्थान पर आम्राभिषेक आज



इंदौर. श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थानम्, विद्या पैलेस पर 24 मई को सुबह 9 बजे से श्री वेंकटेश बालाजी का आम्राभिषेक परम पूज्य युवराज यतींद्राचार्य जी महाराज के सान्निध्य मे होगा. स्वामी यतींद्रचार्य महाराज पद्मावती वेंकटेश देवस्थान के युवराज है. उपरोक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति के हरिकिशन साबू, मनोहर सोनी एवं नितिन तापड़िया ने बताया कि अधिक मास में भक्तों के पुण्य लाभ हेतु एवं यह अभिषेक प्रभु वेंकटेश बालाजी को गर्मी की तपन से राहत दिलाने के लिए किया जा रहा है. हापुस, बादाम केसर, लाल पट्टा, तोतापरी, अलीराजपुरी सहित अनेक प्रकार के आम के रस का उपयोग अभिषेक में किया जाएगा करीब 100 किलो आम इस अवसर पर उपयोग होंगे. शुद्ध जल से भी प्रभु को स्नान करवाया जाएगा जिसमें सप्त नदियों के जल का उपयोग किया जाएगा, साथ ही इसमें दूध दही केसर शहद का भी उपयोग किया जावेगा इस अवसर पर भजन सम्राट हरिकिशन साबू भोपू जी अपने भजनों की रसगंगा भी बहाएंगे. प्रभु के विशेष आम्राभिषेक दर्शन के साथ पू. युवराज स्वामी यतींद्रचार्य जी के पुरुषोत्तम मास की महत्ता पर आशीर्वचनों का लाभ भी भक्त उठा सकेंगे तत्पश्चात आरती एवं गोष्टी प्रसाद का वितरण भी होगा.

## एयरटेल ने लॉन्च की प्रायोरिटी पोस्टपेड सेवा

इंदौर. भारती एयरटेल ने प्रायोरिटी पोस्टपेड सेवा लॉन्च करने की घोषणा की। यह नई सेवा 5जी स्लाइसिंग तकनीक का उपयोग करती है, जिससे पोस्टपेड ग्राहकों को स्थिर और बेहतर नेटवर्क का अनुभव मिलेगा. यह सेवा विशेष रूप से उन व्यस्त ग्राहकों के लिए तैयार की गई है, जो काम, मनोरंजन या ऑनलाइन सहयोग के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी पर निर्भर रहते हैं. इस सेवा के लिए एयरटेल ने अपने 5जी नेटवर्क को नेटवर्क स्लाइसिंग तकनीक की उन्नत क्षमताओं से सशक्त बनाया है. एयरटेल इंडिया के एमडी और सीईओ शाश्वत शर्मा ने कहा एयरटेल में हमारा फोकस ऐसे सार्थक समाधानों पर है, जो ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाएं। प्रायोरिटी पोस्टपेड, 5जी स्लाइसिंग तकनीक से संचालित हमारा नया समाधान है. यह ग्राहकों को तेज, स्थिर और भरोसेमंद कनेक्टिविटी प्रदान करता है, चाहे वे ट्रैफिक में क्लाइंट कॉल अटेंड कर रहे हों, किसी भीड़भाड़ वाले कॉन्सर्ट में स्ट्रीमिंग कर रहे हों या व्यस्त बाजार में कैब बुक कर रहे हों.

## अमेजन ग्रेट समर सेल को मिली मजबूत गति

इंदौर. अमेज़न इंडिया ने अपने प्रमुख शॉपिंग आयोजनों में से एक, अमेज़न ग्रेट समर सेल के दौरान ग्राहकों की मजबूत मांग देखी, क्योंकि देश भर के ग्राहकों ने कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, बड़े उपकरण, फैशन और ब्यूटी, तथा ग्रोसरी के साथ-साथ होम, किचन और आउटडोर्स सहित विभिन्न श्रेणियों के उत्पादों की जमकर खरीदारी की. इस आयोजन में साल-दर-साल दोहरे अंकों की वृद्धि देखी गई, क्योंकि स्मार्टफोन, बड़े उपकरणों और होम एंटरटेनमेंट के साथ-साथ फैशन और ब्यूटी में प्रीमियम उत्पादों की मांग लगातार तेज होती गई. ग्राहकों ने नो-कॉस्ट ईएमआई, एक्सचेंज ऑफर और तेज, विश्वसनीय डिलीवरी जैसे किफायती विकल्पों की मदद से फैशन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, होम और किचन श्रेणियों में बजट-अनुकूल, ट्रेंड-फॉरवर्ड उत्पादों के विस्तृत चयन की बड़े पैमाने पर खरीदारी की. विभिन्न शहरों के प्राइम मेंबर्स ने पात्र ऑर्डर्स पर सेम-डे डिलीवरी का लाभ उठाया. इसके अलावा, लगभग 3 में से 1 ऑर्डर अमेज़न पे का उपयोग करके किया गया, जबकि ट्रेवल बुकिंग में पिछले वर्ष की तुलना में 1.4 गुना वृद्धि के साथ मजबूत गति देखी गई.

# जलसंकट : जनता हलाकान, विधायक का किया घेराव

- राऊ में अधिकारी और नेता में हुई बहस
- जनता नेताओं को कोस रही





नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर में पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है. स्थिति बहुत बिगड़ती जा रही है और मांग एवं पूर्ति के बीच भारी अंतर पैदा हो गया है. हालात इतने खराब होते जा रहे हैं कि जन आक्रोश बढ़ता जा रहा है. शहर के लगभग है क्षेत्र में पानी को लेकर रहवासी पार्षद, विधायक और अधिकारियों को कोस रहे हैं. बिगड़े हालत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शनिवार को शहर के विधायक निवास का जनता ने घेराव कर प्रदर्शन कर पानी देने की मांग दोहराई.

जलसंकट दिन ब दिन गहराता जा रहा है और भीषण गर्मी के दौर में जनता को पानी नहीं मिल रहा है. इसको लेकर रहवासियों, अधिकारी और नेताओं के बीच विवाद बढ़ते जा रहे हैं. जनता नेता और अधिकारियों को खुलेआम चुनौती दे रही है. इसके कई उदाहरण शहर में देखने को मिले, जब रहवासियों ने विशाल नगर में पानी टंकी का हाइड्रेड तोड़ दिया. गंगवाल बस स्टैंड के पास मालीपुरा के रहवासियों ने पार्षद के कार्यालय पर हंगामा किया. आज इस सबसे बढ़कर भाजपा के पार्षद ही रहवासियों के साथ अपने विधायक का घेराव करने उनके घर पहुंच गए. आज सुबह बड़ी संख्या में वार्ड 26 के रहवासियों ने सड़क पर रैली निकलते हुए पानी दो, पानी दो के नारे लगाकर क्षेत्रीय विधायक रमेश मेंदोला के नंदा नगर निवास का घेराव किया. खास बात यह है कि वार्ड 26 बीजेपी पार्षद लालबहादुर वर्मा का वार्ड है. बताया जा रहा है कि रहवासी पिछले कई हफ्तों से पानी नहीं मिलने और पानी कमी की समस्या से परेशान है. इसका नतीजा यह हुआ कि आज रहवासियों का गुस्सा फूट गया और उन्होंने वार्ड 26 से जुलूस के रूप में पानी दो पानी दो के नारे के साथ विधायक का घेराव किया. कहा जा रहा है कि रहवासी मंत्री विजयवर्गीय के घर का भी घेराव करने वाले थे, लेकिन विधायक रमेश मेंदोला ने रहवासियों को टैंकर बढ़ाने और पानी नई टंकी बनाने का भरोसा दिया. इसके बाद रहवासी विधायक की बात मान कर चले गए.

### महापौर ने कहा कांग्रेसी पार्षद जिम्मेदार



आज सुबह वार्ड 26 के रहवासियों द्वारा विधायक रमेश मेंदोला के घर पर प्रदर्शन और घेराव किया गया था. रहवासियों द्वारा पानी समस्या और प्रदर्शन करने का ठीकरा महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कांग्रेस के वार्ड 45 और 46 के पार्षदों पर फोड़ दिया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्षदों ने वॉल पर कब्जा कर पानी बंद करने और भ्रम फैलाने का काम किया है. आज विधायक रमेश मेंदोला, महापौर पुष्यमित्र भार्गव ,एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर,पार्षद लालबहादुर वर्मा ने मिलकर सुबह के प्रदर्शन को लेकर बैठक की. बैठक एमडी वार्ड 26 नई पानी की टंकी बनाने वाले और वार्ड 45 और 46 के कांग्रेस पार्षदों के द्वारा बंद किए वाल को फिर से खोलने के अधिकारियों से कहा है.

### रात को जागकर भर रहे पानी



एमओजी लाइन में रात को पानी भरने के दौरान कुछ युवा वार्ड 70 के पार्षद भारत रघुवंशी को कोस रहे थे. युवाओं द्वारा जारी एक वीडियो में कह रहे हैं कि रात 2.30 बजे हम पीने के पानी भर रहे है. रात को जागना पड़ रहा है और पार्षद भारत रघुवंशी पानी नहीं दे पा रहे. भारत रघुवंशी पानी भेजो हम लोग पानी के लिए रात को जाग रहे है. इसके बाद वीडियो के अंत में जय काकरोच जनता पार्टी का नारा लगाया.

### राऊ में सीएमओ और जिला कांग्रेस अध्यक्ष की झड़प



कल राऊ नगर पालिका पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष, राऊ कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पटेल की सीएमओ से झड़प हो गई. कांग्रेस के द्वारा जलसंकट को लेकर नगर पालिका कार्यालय पर प्रदर्शन किया जा रहा था, जिसमें स्थानीय निवासी भी बढ़ी संख्या में उपस्थित थे. सीएमओ भारी पुलिस बल के साथ मौके पर कांग्रेस नेताओं रहवासी की बात करने पहुंचे. इस पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने सीएमओ से कहा कि पुलिस से गोली खिलावाओगे क्या? पुलिस लाओ या कुछ और जनता के पानी समस्या हल करो. क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा ध्यान नहीं दे रहे है. आज राऊ की जनता पानी के लिए परेशान हैं. लोग पानी के लिए तरस रहे हैं, उनकी सुनवाई नहीं हो रही है. वानखेड़े ने कहा कि पानी समस्या जल्द हल नहीं की तो बड़ा आंदोलन और चक्काजाम करेंगे.

# यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा आज, 27 केंद्रों पर होगा आयोजन

- 12,104 परीक्षार्थी होंगे शामिल

नवभारत न्यूज

**इंदौर.** यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 24 मई को इंदौर केंद्र क्रमांक-78 के 27 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी. परीक्षा दो सत्रों में होगी. प्रथम सत्र सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक तथा द्वितीय सत्र दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा.

परीक्षा में कुल 12,104 परीक्षार्थी शामिल होंगे. आयुक्त, इंदौर संभाग को परीक्षा समन्वयक अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि श्रीमती शैली कनाश, संयुक्त आयुक्त (लिटिगेशन) को प्रभारी परीक्षा अधिकारी बनाया गया है. परीक्षार्थियों का प्रवेश परीक्षा शुरू होने से डेढ़ घंटे पहले प्रारंभ होगा. प्रथम सत्र के लिए प्रवेश सुबह 9 बजे और द्वितीय सत्र के लिए दोपहर 2 बजे बंद कर दिया जाएगा. प्रवेश केवल आयोग द्वारा जारी ई-प्रवेश पत्र और मूल पहचान पत्र के आधार पर मिलेगा. मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, हैंड बैग सहित सभी संचार उपकरण परीक्षा केंद्र में प्रतिबंधित रहेंगे. परीक्षार्थियों को केवल ई-प्रवेश पत्र, पहचान पत्र, पेन-पेंसिल एवं निर्धारित दस्तावेज साथ लाने की अनुमति होगी. परीक्षार्थियों की फेस ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया आयोग के ऐप के माध्यम से की जाएगी. परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए संभागायुक्त कार्यालय, इंदौर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है.

# लोगों के मासिक बजट पर पड़ेगा असर

इंदौर. पेट्रोल और डीजल के दाम एक बार फिर बढ़ गए हैं। 23 मई 2026 को जारी नई दरों के अनुसार पेट्रोल और डीजल दोनों की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है. यह पिछले 10 दिनों में तीसरी बार है जब तेल के दाम बढ़े हैं, जिससे आम जनता पर महंगाई का असर और गहरा हो गया है.

पुरानी दरों की तुलना में पेट्रोल की कीमत 110.76 रुपए से बढ़कर 111.70 रुपए हो गई है, यानी 0.94 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि हुई है. इसी तरह डीजल की कीमत 95.95 से बढ़कर 96.90 रुपए हो गई है, जिसमें 0.95 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है. वहीं स्पीड पेट्रोल की कीमत भी 120.51 से बढ़कर 121.45 रुपए हो गई है, जो 0.94 रुपए की बढ़ोतरी को दर्शाती है. लगातार तीसरी बार कीमतों में हो रही इस बढ़ोतरी से इंदौर में परिवहन खर्च बढ़ने की संभावना है. इसका सीधा असर आम लोगों के मासिक बजट पर पड़ सकता है.

# स्टॉफ की कमी या गलत व्यवस्था?

- चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को मिले राजस्व काम पर सवाल
- अटैचमेंट का खेल या जरूरत? कनाड़िया तहसील का मामला



नवभारत न्यूज

**इंदौर. जिले के शासकीय कार्यालयों में कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं. कनाडिया तहसील में एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा राजस्व शाखा से जुड़े कार्य किए जाने का मामला चर्चा में है.**

सूत्रों के अनुसार नितिन बालोदिया, जो मूल रूप से शासकीय सादीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चपरासी पद पर पदस्थ हैं, वर्तमान में निर्वाचन कार्य के लिए अटैच किए गए हैं. बताया जा रहा है कि वे विधानसभा क्षेत्र 205 इंदौर-2 के सैटेलाइट भवन स्थित कार्यालय में आवक-जावक सहित राजस्व शाखा से जुड़े कार्य देख रहे हैं. सूत्रों से जानकारी के मुताबिक निर्वाचन कार्य के लिए अटैच किए गए नितिन बालोदिया की भूमिका केवल सहायक कार्यों तक सीमित न रहकर कार्यालयीन प्रक्रिया से जुड़े कार्यों तक पहुंच गई है. इसे लेकर विभागीय कर्मचारियों और प्रशासनिक हलकों में चर्चा का माहौल है. मामले को लेकर जब प्रशासनिक पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो एसडीएम दीपक चौहान ने बताया कि कर्मचारियों की कमी और बैठक व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए उन्हें वहां बैठाया गया है. उन्होंने स्पष्ट किया कि उनसे केवल आवक-जावक संबंधी कार्य ही लिया जा रहा है.

### जिम्मेदारियों की स्पष्टता जरूरी

स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि निर्वाचन कार्यों के दौरान कई कर्मचारियों को अस्थायी रूप से विभिन्न कार्यालयों में अटैच किया जाता है, लेकिन ऐसे मामलों में कार्य विभाजन और जिम्मेदारियों की स्पष्टता जरूरी है, ताकि प्रशासनिक पारदर्शिता और व्यवस्था बनी रहे.










